## खबर संक्षेप

### 14 लीटर अवैध शराब जप्त

**शहडोल।** बुढ़ार थाना क्षेत्रांतर्गत 06 जनवरी को अवैध शराब बिक्री करने कि मुखबिर सूचना पर पुलिस ने ग्राम बहबहरा में दबिश देकर आरोपी पारस पिता सरमन साहू उम्र 23 वर्ष निवासी बलबहरा के कब्जे से 14 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमत 2,100 रूपये की मौके पर जप्त की गई। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है। उक्त कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक रामेश्वर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### 51 वाहन चालकों से वसूले शुल्क

**शहडोल।** सिटी पुलिस द्वारा 06 जनवरी को बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालाने वाले, बिना सीटबेल्ट लगाये चार पहिया वाहन चलाने वाले चालकों एवं अन्य के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत 51 चालानों में 20,300 रूपये समंस शुल्क वसूल किया गया, कार्यवाही जारी है। पुलिस द्वारा संबंधितों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए नियमों का पालन करने हेतु कड़ाईपूर्वक निर्देशित किया गया।

### यात्रा का उद्देश्य हर व्यक्ति को योजनाओं का लाभ दिलाना : विधायक



**शहडोल।** जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विकसित भारत संकल्प यात्रा निरन्तर निकाली जा रही है। साथ ही विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभागीय योजनाओं के प्रचार-प्रचार एवं लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए शिविर भी लगाए जा रहे है। इसी कड़ी में रविवार को विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह की उपस्थिति में नगर के जयस्तंभ चौक में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली गई। आयोजन के दौरान विधायक श्रीमती सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार की गारंटी वाली गाड़ी के माध्यम से देश के हर गांव-गांव एवं समाज के हर एक व्यक्ति तक केन्द्र सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी एवं जनहितैषी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति तक केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाना है। कार्यक्रम के दौरान स्कूल छात्रों द्वारा मार्सल आर्ट का भी अद्भुत प्रदर्शन किया गया। साथ ही स्कूली छात्राओं द्वारा सुआ नृत्य का भी प्रदर्शन किया गया। आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता कराई गई एवं विजेताओं को पुरस्कार भी वितरित किया गया। साथ ही मार्सल आर्ट एवं सुआ नृत्य में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया। विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ विभाग, स्व.सहायता समूह महिला एवं बाल विकास विभाग, कृषि विभागए श्रम विभाग, उद्योग, शिक्षा, जल जीवन मिशन, राजस्व विभाग सहित अन्य योजनाओं से संबंधित स्टाल एवं प्रदर्शनी भी लगाई गई। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह ने योजनाओं से लाभावित हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण एवं वृद्वजनों का सम्मान भी किया।

### उमरिया ने हरदा की टीम को 8 गोल से हराया

**उमरिया।** इटारसी में अंतरजिला हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन विगत दिनों से किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न स्थानों की टीमो के साथ जिला हॉकी संघ उमरिया की टीम भी हिस्सा लिया। जिसमें उमरिया हॉकी टीम के खिलाड़ियों का पहला मैच हरदा की टीम के साथ हुआ, वहीं इटारसी के स्टेडियम में अपने खेल का जौहर दिखाते हुए उमरिया की टीम ने अपने पहले मैच में हरदा की टीम को 8 गोल मारकर जीत हासिल की।

# रेत माफिया व पुलिस आमने सामने
# टीआई समेत पुलिस कर्मी घायल
## पुलिस के सामने से ले भागे दो वाहन, दो गिरफ्तार बाकी फरार

भ्रष्टाचार के इस दौर में जिस तेजी से माफिया राज उभर रहा है वह सभ्य समाज के लिए चिंता का विषय है। इससे अराजकता तो बढ़ ही रही है समाज का वातावरण भी खराब हो रहा है। अफसरों की सरपरस्ती के कारण माफियाओं के हौसले इतने बुलंद है कि वह हिंसा जैसी घटनाओं को भी अंजाम देने से पीछे नही हटता।



**शहडोल।**

जिस माफिया को पैसे के लोभ में पनाह दी वही अब जान का दुश्मन बन बैठा है। रेत उत्खनन के खिलाफ कार्रवाई करने गए खैरहा थाना प्रभारी व उनके स्टाफ को माफियाओं के विरोध का सामना करना पड़ा और वे चोटिल भी हो गए। ज्ञातव्य है कि ब्यौहारी तहसील अंतर्गत गोपालपुर की एक रेत उत्खनन में कार्रवाई के दौरान पटवारी को ट्रैक्टर से कुचल कर मार दिया गया था। इस तरह की घटनाएं धीरे धीरे बढ़ती जा रहीं हैं।

### पुलिस के सामने वाहन लेकर भाग निकले

सरफा नदी के मझियार घाट में खैरहा थाना प्रभारी दिलीप सिंह अपने स्टाफ के साथ रेत के अवैध उत्खनन पर कार्रवाई पहुंचे थे। जब वे मझियार सरफा नाला घाट पहुंचे तो वहां पर 3 ट्रैक्टर खड़े पाए गए। पुलिस को आता देख जब ट्रैक्टरों के चालक भागने का प्रयास करने लगे तो पुलिस द्वारा घेरे बंदी कर उन्हे रोकने का प्रयास किया गया। इसी बीच आरोपी पुष्पेंद्र पाण्डेय, कुलदीप पांडे, धर्मेंद्र पांडे एवं लाला बैगा निवासी सिंहपुर के द्वारा पुलिस का विरोध कर दिया गया। उनके द्वारा 2 टैक्टरों को बलपूर्वक, गाली-गलौज करते हुए, शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाकर छुड़ा लिया गया। घटना स्थल पर पुलिस के साथ गाली-गलौच व झुमाझटकी की गई। जिसके बाद खैरहा पुलिस के द्वारा घाट से रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन में संलिप्त 1 ट्रेक्टर को जप्त कर थाना खैरहा लाया गया। इस मामले में थाना खैरहा में धारा 379, 414, 353, 186, 332, 294, 506, 34 भादवि व खनिज अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना मे लिया गया।

### घर में थाना प्रभारी व पुलिसकर्मी पिटे

इस कार्रवाई के बाद खैरहा पुलिस देर रात फरार आरोपियों की तलाश में सिंहपुर पहुंची जहां के आरोपी थे। वहां सिंहपुर थाने की पुलिस व खैरहा पुलिस की संयुक्त टीम ने आरोपियों की तलाश शुरू करने घरों में दविश डालनी शुरू कर दी। कार्रवाई में आरोपी पुष्पेंद्र पांडे दस्तयाब हुआ। जिसको पकड़कर लाते समय पुष्पेन्द्र पाण्डेय, फालेन्द्र पाण्डेय, रामस्वयंवर पाण्डेय, सत्यभामा पाण्डेय, दीपक पाण्डेय के द्वारा दबिश हेतु गई पुलिस टीम के साथ फिर गाली-गलौच व हाथापाई की गई। जिससे थाना प्रभारी खैरहा उनि दिलीप सिंह और अन्य पुलिस कर्मी को चोट पहुंची। उक्त घटना पर पृथक से थाना सिंहपुर मे धारा 353, 332, 186, 294, 506, 147, 149 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया है। घटना में संलिप्त आरोपी पुष्पेन्द्र पाण्डेय को थाना खैरहा एवं आरोपी फालेन्द्र पाण्डेय को थाना सिंहपुर में गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण के शेष आरोपी फरार हैं जिनकी गिरफ्तारी हेतु अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक शहडोल जोन श्री डी.सी. सागर के द्वारा 30,000 रूपये के ईनाम की उद्घोषणा की गई है।

### पुलिस की मिलीभगत का अंदेशा

लोगों ने आरोप लगाया है कि सिंहपुर थाने की पुलिस अपराधों की रोकथाम करने की बजाय अपराधों को संरक्षण प्रदान कर रही है। वह आसपास के तमाम नदी नालों को माफिया के सुपुर्द कर अवैध उत्खनन की मण्डी चला रही है और दूसरी ओर पूरे सिंहपुर को जुए का अड्डा बना चुकी है। जहां जगह जगह सरेआम फड़ें लग रहीं हैं और जुआरियों का जमावड़ा लगा रहता है। शहडोल, बुढ़ार, धनपुरी, अमलाई आदि से लोग यहां जुए पर दांव लगाने आ रहे हैं और इन्हे जुए की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। जाहिर सी बात है कि इसके लिए ङ्कषसहपुर सरगनाओं से लम्बा पैसा वसूल रही है। जिले में बैठे बड़े अफसर भी आंख मूंदे बैठे हैं। पुलिस पर हमले की जो घटना हुई है उसमें भी सिंहपुर थाने के पनाहयाफ्ता लोग शामिल बताए जाते हैं।

### मौत के बाद भी कड़े कदम नहीं उठे

जिला प्रशासन की हालत तो यह है कि उसका एक पटवारी ब्यौहारी तहसील के गोपालपुर में अवैध उत्खनन पर कार्रवाई करते समय ट्रैक्टर से कुचल दिया गया और उसकी मौत हो गई लेकिन आज तक अफसरान यह तय नहीं कर सके कि घटना के लिए वास्तविक रूप से जिम्मेदार कौन है? मौत के बाद अवैध उत्खनन रोकने के कड़े प्रयास होने चाहिए थे, चारो ओर पुलिस बल तैनात कर माफिया की कमर तोड़ी जानी थी, मौके के वाहन राजसात किये जाने थे इतने में ही माफिया के हौसले पस्त हो जाते लेकिन आज तक क्या ऐसा कठोर कदम उठाया गया ? अगर नहीं तो क्यों, प्रशासन को इस बात का कोई दर्द नहीं कि उसका एक पटवारी अपने कर्तव्य निर्वहन के दौरान असमय काल के गाल में चला गया, उसका लहू बेकार नहीं जाने दिया जाएगा।

# लैप्रोस्कोपिक सर्जरी से रोबोटिक सर्जरी की ओर बढ़ते कदम : डॉ. जैन
### रॉयल कॉलेज ऑफ़ सर्जन लंदन से एमआरसीएस की डिग्री की हासिल

**शहडोल।**

कई साधारण और जटिल सर्जरी के मामलो में संभाग अब बेहद भाग्यशाली है, इसकी खास वजह वह शख्सियत है जिसने अपनी माटी से प्रेम कर यही पर सेवाएं देने की ठानी है, डॉ. विनम्र जैन संभाग के पहले ऐसे सर्जन है, जिन्होंने सर्जरी के क्षेत्र में नित नए कीर्तिमान स्थापित किये है, उन्ही कीर्तिमानों में से हाल में ही डॉ. विनम्र जैन ने रॉयल कॉलेज ऑफ़ सर्जन इंग्लैंड से एमआरसीएस की डिग्री हासिल की है, इसी के साथ अब वह संभाग के प्रथम एवं प्रदेश के चुनिंदा एमआरसीएस सर्जन में अपनी जगह बना ली है, डॉ. जैन की सफलता न केवल उनकी उपलब्धि है बल्कि संभाग में एक भरोसे का नाम बनकर उभरे है। उमरिया में जन्मे डॉ. विनम्र जैन न केवल संभाग नहीं बल्कि समूचे विंध्य सहित छत्तीसगढ़ एवं महाकौशल में उन खास सर्जन के रूप में जाने जाते है, जिन्होंने विगत 20 सालो में यहाँ की आम को लैप्रोस्कोपिक सर्जरी जैसी आधुनिक सेवाएं प्रदान की है।



इंग्लैंड का रॉयल कॉलेज ऑफ़ सर्जन दुनिया भर में सबसे पुराना और प्रतिष्ठित कॉलेज है जिसकी स्थापना सन- 1540 में हुई, इस कॉलेज में पढऩा और महारत हासिल करना ही वह उपलब्धि है, जो दुनिया भर के कई डॉक्टरों के लिए एक सपने जैसा है, डॉ. जैन ने भी यह सपना 3 वर्ष पूर्व देखा था, जिसे उन्होंने पूरा किया। निश्चित रूप से डॉ. विनम्र जैन की यह उपलब्धि बहुत बड़ी है, जो भविष्य में सर्जरी के मायने ही बदल देगी। जिसमे अब डॉ. जैन लैप्रोस्कोपिक सर्जरी से रोबोटिक सर्जरी की ओर बढ़ेंगे, जिससे संभाग को रोबोटिक सर्जरी की सौगात मिल सकेगी, रोबोटिक तकनीक से सर्जरी में जीरो एरर होगा, यानि सर्जरी के दौरान किसी भी तरह की चूक की संभावनाएं नगण्य होंगी।

### लंदन में सीखेंगे रोबोटिक सर्जरी के गुण

आज 53 वर्षीय डॉ. विनम्र जैन ने अपनी मेहनत, लगन ओर कठोर परिश्रम से अमृता हॉस्पिटल को आदिवासी अंचल में उस मुकाम पर पहुंचाया है, जिसके लिए दूसरे लोग सोचने से भी कतराते है। डॉ. जैन शुरुवात से ही आधुनिक तकनीक की ओर बढ़ते रहे है, ओपन सर्जरी के समय में उन्होंने यहाँ की जनता को लैप्रोस्कोपिक सर्जरी जैसी आधुनिक तकनीक दी। यही कारण है कि न केवल संभाग बल्कि रीवा संभाग सहित आस-पास के तमाम दूसरे जिले डिंडोरी , मंडला, पेंड्रा, जनकपुर और यहाँ तक की रायपुर, जबलपुर, बिलासपुर, कटनी, सिहोरा से भी लोग सर्जरी के लिए आते है। क्यूंकि अमृता हॉस्पिटल में विश्वस्तरीय सुविधाओं के बावजूद बड़े नगरों की तुलना में सस्ता और गुणवत्तापूर्ण इलाज मिलता है, एमआरसीएस की डिग्री हासिल करके डॉ. विनम्र जैन अब लंदन में रोबोटिक सर्जरी के गुण सीखेंगे, जो यह दिखाता है कि अब वह लैप्रोस्कोपिक सर्जरी से अत्याधुनिक रोबोटिक सर्जरी की ओर बढ़ रहे है , निश्चित रूप से डॉ. विनम्र जैन का रोबोटिक सर्जरी को संभाग में लाना किसी वरदान से कम नहीं है।

# 8 किलो गांजा सहित 2 तस्कर गिरफ्तार
## बाईक में पुलिस की लगा रखी थी नम्बर प्लेट

**शहडोल।**

गांजा की तस्करी के लिए आरोपी अब नए रास्ते अख्तियार कर रहे हैं। ऐसा ही एक मामला मुख्यलाय में सामने आया, जब बाइक में पुलिस का नंबर प्लेट दर्ज कर दो आरोपी गांजा सैकड़ो किलोमीटर दूर उड़ीसा से लाकर यूपी जा रहे थे। शहडोल से गुजरते हुए आरोपियों को चेकिंग के दौरान पुलिस ने धर दबोचा। आश्चर्य की बात यह रही कि उड़ीसा से लेकर शहडोल तक के दो राज्यों और दर्जन भर से अधिक थाना क्षेत्र की सीमा को पार कर आरोपी यहां तक पहुंचे लेकिन किसी की नजर उन पर नहीं पड़ी। रोहानिया टोल प्लाजा के पास यातायात पुलिस ने वाहन चेकिंग लगाई थी उसी दौरान एक मोटरसाइकिल को रोका गया, जिसमे दो लोगों सवार थे, आरोपियों के कब्जे से 08 किलो गांजा मादक पदार्थ जप्त हुआ है।




### उड़ीसा से मिर्जापुर ले जा रहे थे गांजा

यातायात टीआई विनय सिंह का कहना है कि वाहन चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल में दो लोग सवार थे, बाइक सवार युवकों को रोका गया, तलाशी के दौरान उनके कब्जे से गांजा जप्त हुआ है। मादक पदार्थ मिलते ही सोहागपुर पुलिस को मामले की जानकारी दी गई, आगे की कार्यवाही सोहागपुर पुलिस कर रही है। सोहागपुर पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर टीम पहुंची और दोनों बाइक सवार युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों युवकों ने बताया कि वह उड़ीसा से उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर गांजा लेकर जा रहे थे। पुलिस के अनुसार अपाचे बाईक क्रमांक यूपी 63 एडी 1915 में एक बैग था, जिसमें 08 किलो गांजा रखे हुए थे। युवक उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर गांजा बेचने जा रहे थे। पकड़े गए युवकों में विद्यासागर पिता श्रीचन्द्र उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम परौतीपुर जिला मिर्जापुर उ.प्र. एवं मोनू पिता लालजी बिंद उम्र 20 वर्ष निवासी छतरीपुर जिला मिर्जापुर उ.प्र. के रहने वाले हैं। पुलिस ने 08 किलाग्राम मादक पदार्थ गांजा, एक मोबाइल, नगदी 1200 रूपये कुल कीमती करीब 1,40,000 रूपये को जप्त कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी युवको ने अपने बाईक की नंबर प्लेट पर पुलिस लिखवा हुआ था।

### इनकी रही भूमिका

कार्यवाही में थाना यातायात से निरीक्षक विनय सिंह गहरवार, सूबेदार प्रियंका शर्मा, सहायक उप निरीक्षक हवलदार सिंह, प्रधान आरक्षक रूस्तम सिंह, अमर बागरी, मतीन खान, आरक्ष शैलेश यादव, धर्मेन्द्र अहिरवार एवं गया व थाना सोहागपुर से निरीक्षक भूपेन्द्रमणी पाण्डेय, उप निरीक्षक आनंद झारिया, सहायक उप निरीक्षक शुभवंत चतुर्वेदी, प्रधान आरक्षक मनोज शुक्ला, लक्ष्मी प्रसाद पटेल एवं आरक्षक चन्द्रभान सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# जरूरतमंदों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना पवित्र कार्य : दिलीप जायसवाल
## मंत्री ने हितग्राहियों को वितरित किये हितलाभ, विकसित भारत संकल्प यात्रा में निभाई सहभागिता

**शहडोल।**

मध्यप्रदेश शासन के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कुटीर एवं ग्रामोंद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि जरूरतमंद लोगों तक शासन द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाना पुनीत एवं पवित्र कार्य है। उन्होंने कहा कि दीन-हीन और जरूरतमंद लोगों को शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दिलाना वास्तविक पूजा है। उन्होंने कहा कि शासकीय अधिकारी, कर्मचारी उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारी को पवित्रता के साथ करें और जरूरतमंद लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाएं। मध्यप्रदेश शासन के राज्यमंत्री कुटीर एवं ग्रामोंद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल रविवार को नगर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।





उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 तक जल जीवन मिशन के अंतर्गत सभी के घरों तक पानी पहुंचाना प्रधानमंत्री का सपना है, इस सपने को साकार करना है। जल जीवन मिशन के कार्य गुणवत्तापूर्ण होने चाहिए और इन कार्यों की सतत मानिटरिंग भी होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि 2047 में भारत अपना आजादी का 100वां वर्ष मनाएगा, प्रधानमंत्री का सपना है कि वर्ष 2047 तक भारत में कोई समस्या न हो, गांव मोहल्लों, नगरों में सभी मूलभूत सुविधाएं होए अच्छी सड़कें हो, बिजली-पानी और स्वास्थ्य सुविधाएं हों। उन्होंने कहा कि इसी संकल्प से साथ हम आगे बढ़ रहे हैं। हमारा संकल्प है कि भारत 2047 तक दुनिया का नम्बर एक देश बने। उज्जवला योजना, आयुष्मान योजना, किसाान सम्मान निधि जैसी अभिनव योजना संचालित कर रही है। जिससे गरीब और कमजोर तबके के लोगों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री बनें तब से देश तेजी से विकास कर रहा है। देश का अधोसंरचनात्मक विकास हुआ है स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ी है, कृषि क्षेत्र में हम तेजी से विकास कर रहे है। कभी हमारा देश विश्व में 11वें नम्बर पर था, आज हम विश्व में तीसरें नम्बर पर है। यह परिणाम हमें दृढ़ इच्छाशक्ति के कारण मिले हैं। इस अवसर पर विधायक जयसिंहनगर श्रीमती मनीषा सिंह ने कहा कि शहडोल नगर में विकसित भारत संकल्प यात्रा के आयोजन का उद्देश्य है कि नगर में केन्द्र सरकार द्वारा संचालित होनी वाली योजनाओं का लाभ पात्र नगरवासियों को सरल एवं सहजता से मिल सके। इस अवसर पर मंत्री श्री जायसवाल ने विकसित संकल्प भारत यात्रा कार्यक्रम के दौरान योजनाओं से लाभावित हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी किया। साथ ही भारत को विकसित और सुदृढ़ बनाने का संकल्प दिलाया।

कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर श्रीमती वंदना वैद्य, नगरपालिका अध्यक्ष घनश्याम जायसवाल, नगरपालिका उपाध्यक्ष प्रवीण शर्मा, मुख्य नगरपलिका अधिकारी अक्षत बुंदेला, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती उर्मिला कटारे, समाजसेवी कमलप्रताप सिंह, संतोष लोहानी सहित अन्य प्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थें।



### कोदो की रोटी खाने से एक ही परिवार के 5 लोग बीमार

**शहडोल।** आदिवासी वर्ग का मुख्य भोजन कोदो की रोटी खाकर जिले में एक ही परिवार के पांच लोग बीमार होकर अस्पताल पहुंच गए। जिले के गोहपारू ब्लाक अंतर्गत ग्राम कुदरी भर्री में एक ही परिवार के पांच सदस्यों ने शनिवार की शाम कोदो की रोटी बनाकर टमाटर की चटनी के साथ सेवन किया था, इसके एक घण्टे बाद ही सभी लोगों को उल्टियां होने लगी, परिजन शाम को ही सभी को लेकर जिला चिकित्सालय पहुंचे, जिन्हें भर्ती कराकर उपचार शुरू किया गया। उपचार के बाद सभी की हालत खतरे से बाहर बताई गई है। जानकारी के अनुसार 80 वर्षीय भिन्नसरिया सिंह गोंड,बेटा राजभान सिंह उसकी पत्नी प्रेमवती सिंह और बेटी रोशनी 19 वर्ष और आरती 17 वर्ष ने भी रोटी खाई थी, इन सभी की हालत खराब होने लगी। राजभान सिंह को मेडिकल कॉलेज में जबकि चार अन्य को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

# पंचायत के स्वर्णिम भ्रष्टाचार को खुला संरक्षण

## अधिकारियों के संरक्षण में शासकीय राशि का हो रहा बंदरबांट







### गिंजरी पंचायत में दिखावे का जांच दल गठन, प्रमाणित मामलों में जिला पंचायत की चुप्पी

शासन की योजनाएं ग्राम पंचायतों में भ्रष्टाचार व अनियमितता की भेंट चढ़ती जा रही है, योजना का लाभ जनता को कितना मिलेगा, यह तो आने वाले माहों में सामने आ ही जायेगा, लेकिन इतने रूपये बहाने के बाद भी कई पंचायतों में अमृत सरोवर योजना टाय-टाय फिस्स हो चुकी है, योजनाओं के लिए ग्रहण न सिर्फ पंचायत के सरपंच-सचिव जिम्मेदार है, कहीं न कहीं योजना के लिए ग्रहण जनपद से लेकर जिले में बैठे अधिकारी जिम्मेदार हैं।

उमरिया।

जिले की मानपुर, बिरसिंहपुर पाली के अलावा करकेली जनपद में शासन की योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है, जनपद से लेकर जिले में बैठे जिम्मेदार जिनके पास योजनाओं के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी थी, वह स्वयं इस भ्रष्टाचार की गंगोत्री में डुबकी लगा रहे है, वातानुकूलित कक्षों में बैठकर पंचायतों को प्रशस्ती पत्र मिलने का ढिढ़ोरा पीटते हैं, जिले के लगभग सामुदायिक शौचालय या तो अधूरे हैं या उनमें ताले लगे हुए है, ओडीएफ घोषित हो चुकी पंचायतों में आज भी लोग शौच के लिए बाहर जाने को विवष है, सीसी सडक़ के नाम पर राशि आहरित हो चुकी है, लेकिन धरातल पर सडक़ है ही नहीं, सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी अमृत सरोवर योजना भी इन्हीं ईमानदार अधिकारियों के चलते भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी है, लेकिन जिला पंचायत के मुखिया के पास धरातल पर जाकर इनके निरीक्षण करने का समय नहीं है।

#### जांच के नाम पर करते हैं गुमराह

जिले की बिरसिंहपुर पाली जनपद की गिंजरी पंचायत में अमृत सरोवर का निर्माण पंचायत द्वारा कराया गया, अमृत सरोवर के पिचिंग में मानक के अनुरूप पत्थरों को उपयोग नहीं हुआ, यह स्पष्ट दिखाई दे रहा है, इसके अलावा वेस्ट वेयर की फर्श एवं वॉल टूट चुकी है, यह भी स्पष्ट दिख रहा है, लेकिन जिला पंचायत के मुखिया द्वारा स्वयं धरातल पर निरीक्षण कर जवाबदेही तय करते हुए कार्यवाही करने की जगह जांच टीम गठित कर इसे लंबे ताम-झाम में उलझा दिया, लगभग एक पखवाड़ा बीतने को है, लेकिन न तो टीम ने जांच विभाग को सौंपी और न ही जिला पंचायत के ओर से जिम्मेदारों पर कार्यवाही की गई।

#### उपयंत्रियों का खुला संरक्षण

बिरसिंहपुर पाली जनपद में पदस्थ रही उपयंत्री मीनू त्यागी अपने कार्यकाल के द्वारा पंचायतों में जमकर भ्रष्टाचार किया, ग्राम पंचायत तिवनी में उनके कार्यकाल के दौरान ही बगैर निर्माण सीसी सडक़, तालाब निर्माण कराये राशि आहरित कर ली गई, जिसके बाद रोजगार सहायक को जनपद में अटैच कर लिया गया, वसूली के पत्र जारी हो गये, इसी तरह गिंजरी पंचायत में अमृत सरोवर निर्माण के दौरान तत्कालीन उपयंत्री सहित सचिव पुरूषोत्तम दास चौबे ने जमकर भ्रष्टाचार किया, लेकिन कोरम पूर्ति के नाम पर जांच दल गठित कर दिया गया। इससे साफ जाहिर होता है कि मातहतों को बचाने के फेर में जिला पंचायत के मुखिया द्वारा भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा है।

#### जनप्रतिनिधियों को नहीं सरोकार

सरपंच और सचिव ने मिलकर गिंजरी पंचायत में जमकर धांधली की है और सरकारी धन का बंदरबांट किया है। जिसमे मानक के अनुसार कार्य नही कराया है। जबकि घटिया सामग्री का उपयोग करने से अमृत सरोवर तालाब भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। निश्चित रूप से वाह वाही लूटने वाले जनपद से लेकर जिला पंचायत के मुखिया के विकास कार्यों की पोल खुल कर सामने आ चुकी है, मजे की बात तो यह है कि स्थानीय जनप्रतिनिधि भी भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज बुलंद नहीं करते, सत्ताधारी दल खुद की सरकार की योजनाओं पर पलीता लगते देख रही है, वहीं विपक्ष है, जिससे मुद्दे तो मिलते हैं, लेकिन वह कानों में तेल डाले बैठी है ।

#### पोर्टल जानकारी अधूरी

गिंजरी पंचायत में पदस्थ सचिव, सरपंच सहित तत्कालीन उपयंत्री के कार्यकाल के दौरान दर्जनों निर्माण कार्य हुए हैं, लेकिन कई निर्माण कार्यो का आज तक मूल्यांकन नहीं हुआ और न ही सीसी जारी हुई, वर्तमान में अमृत सरोवर खुद अपनी कहानी बयां कर रहा है, मजे की बात तो यह है कि ऑन लाईन पोर्टल में भी अधूरी जानकारी अपलोड की जाती है, लेकिन जनपद से लेकर जिला पंचायत के मुखिया को इन पोर्टल को भी अपडेट कराने की फुर्सत नहीं है, इससे साफ जाहिर होता है कि शासन द्वारा पादर्शिता के लिए बनाये गये पोर्टल से जिम्मेदारों को कोई सरोकार नहीं है, हालाकि मामला चाहे जो हो, लेकिन भ्रष्टाचार को प्रश्रय देने वाले अधिकारी यह भूल चुके हैं कि आने वाले समय में उनके कार्यकाल का स्वर्णिम भ्रष्टाचार जब उजागर होगा, तब कहीं व स्वयं न नपते नजर आयें।

## खबर संक्षेप



### उमरिया हॉकी टीम ने हरदा की टीम को 8 गोल से हराया

**उमरिया।** इटारसी में अंतरजिला हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन विगत दिनों से किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न स्थानों की टीमो के साथ जिला हॉकी संघ उमरिया की टीम भी हिस्सा लिया। जिसमें उमरिया हॉकी टीम के खिलाड़ियों का पहला मैच हरदा की टीम के साथ हुआ, वहीं इटारसी के स्टेडियम में अपने खेल का जौहर दिखाते हुए उमरिया की टीम ने अपने पहले मैच में हरदा की टीम को 8 गोल मारकर जीत हासिल की, जबकि हरदा की टीम एक गोल भी नहीं मार सकी। बताया गया कि अगला मैच उमरिया की टीम क्वार्टर फाइनल खेलेगी। स्टेडियम में खेले गए मैच में उमरिया की टीम से आयुष ने 03 गोल, जावेद 01 गोल, विवेक मोगरे 03 गोल और अनुराग राय ने 01 गोल मार कर टीम को जीत दिलाई। उमरिया हॉकी टीम की इस शानदार जीत पर जिला के खिलाड़ी सहित खेलप्रेमियों ने बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी है।

### सेक्टर बैठक का समापन



**उमरिया।** पाली विकासखंड एवं मानपुर विकासखंड में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. मेहरा की उपस्थिति में ब्लॉक मानपुर में समीक्षा बैठक आयोजित की। विकासखंड पाली में डॉ. एस. बी. चौधरी डीएचओ के द्वारा समीक्षा बैठक आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा प्रधानमंत्री जन मन कार्यक्रम कि सम्पूर्ण जानकारी दी गयी व आयुष्मान कार्ड बनाने हेतु अवश्यक जानकारी दी गयी। ब्लॉक पाली जिला उमरिया में आयोजित सेक्टर बैठक समीक्षा में जिला स्तर से जिला स्वास्थ्य अधिकारी, जिला अनुश्रवण अधिकारी, आयुष्मान जिला समन्वयक बीपीएम, बीसीएम की उपस्थिति में, सीएचओ, एएनएम, सेक्टर सुपरवाइजर तथा आशा पर्यवेक्षक के द्वारा किये जा रहे स्वास्थ्य गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई। जिला स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा एफपीएलएमआईएस पोर्टल की जानकारी दी गई। साथ ही प्रधानमंत्री जन मन योजना के अंतर्गत ब्लॉक के 64 बैगा ग्राम में आयुष्मान कार्ड बनाने एव वितरण, सिकल सेल स्क्रीनिंग, टीबी स्क्रेनिंग कर दैनिक जानकारी उपलब्ध कराने हेतु सलाह दी गई। अनुश्रवन अधिकारी श्रीमती प्रजीत कौर द्वारा अनमोल पोर्टल, आरसीएच पोर्टल, एचएमआईएस पोर्टल तथा एनसीडी पोर्टल में जानकारी अपडेट करने की जानकारी और आयुष्मान जिला समन्वयक के द्वारा आयुष्मान कार्ड/ईकेवायसी करने की प्रकिया की विस्तार से समझाया गया। बैठक मे टीबी कार्यक्रम की सम्पूर्ण जानकारी जिला कार्यक्रम कोर्डिनेटर शारदा प्रसाद गुप्ता द्वारा सर्वे कार्यक्रम कि सम्पूर्ण जानकारी दी गयी। बैठक में आयुष्मान जिला समन्वयक ललित राय व मेडिकल ऑफिसर व मलेरिया मानपुर मे पीव्हीटीजी ग्राम के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी एएनएम और आशा पर्यवेक्षक उपस्थित रहे।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विभिन्न ग्राम पंचायतों में हुए कार्यक्रम



**उमरिया।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत मानपुर विकासखण्ड की ग्राम पंचायत डोंगरी टोला, इंदवार, बल्हौड़, अमिलिया, करकेली विकासखण्ड की ग्राम पंचायत घुलघुली, गहिरा टोला, अमड़ी, मजमानी खुर्द तथा पाली विकासखण्ड की ग्राम पंचायत सेमरिया तथा सलैया 01 में शिविर आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ कन्या पूजन के साथ किया गया। मानपुर में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष अनुजा पटेल, एसडीएम मानपुर कमलेश पुरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### उपार्जन केंद्र खुटार का डिप्टी कलेक्टर ने किया निरीक्षण



**उमरिया।** डिप्टी कलेक्टर एवं जिला आपूर्ति अधिकरी मीनांक्षी इंगले ने गत दिवस उपार्जन केंद्र खुटार कैम्प मानपुर का औचक रूप से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र तक आने वाले किसानों से भी रूबरू चर्चा की एवं केंद्र में अब तक कितने किसानों व्दारा धान का विक्रय किया जा चुका है, कितने किसानों ने स्लॉट की बुकिंग की कराई, कितना धान परिवहन किया जा चुका है आदि के संबंध में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी जागृति प्रजापति भी उपस्थित रही।

### हर परिवार को विकसित करने की गारंटी विकसित भारत संकल्प यात्रा: विधायक



**उमारिया।** देश को वर्ष 2047 तक विकसित भारत बनाने का संकल्प प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी ही विकसित भारत संकल्प यात्रा है। हर परिवार को विकसित करने की गारंटी को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' है। यात्रा के दौरान प्रत्येक व्यक्ति को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से दिया जा रहा है। उक्त आशय के विचार बाँधवगढ़ के विधायक शिव नारायण सिंह ने ग्राम पंचायत घुलघुली में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के माध्यम से ग्रामीणो को नल से शुद्ध जल प्राप्त हो रहा है। आयुष्मान कार्ड योजना के तहत 5 लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज लोगो को मुहैया कराया जा रहा है। किसानों को पी एम किसान सम्मान निधि योजना एवं किसान कल्याण योजना, महिलाओं के लिए मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, बेटियों को लाड़ली लक्ष्मी योजना का लाभ दिया है। स्व सहायता समूह की महिलाएं विभिन्न उत्पादों का विक्रय कर आत्म निर्भरता की ओर आगे बढ़ रही है। उन्होंने स्व सहायता समूह की महिला की अनुभवों का उल्लेख करते हुए कहा कि समूह में शामिल होने से पहले जो महिलाये घर से निकलने में भी संकोच करती थी आज अकेले यात्राएं कर रही है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य मीना कैलाश सिंह, जनपद पंचायत सदस्य बिंद्रा सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने विकसित भारत का जो संकल्प लिया है उसके लिए जरुरी है कि शासन की योजनाओं से कोई भी वंचित नहीं रहे, लोगो के कल्याण के लिए अभूतपूर्व कार्य किये गए है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण अंचल के दूरस्थ क्षेत्रों में कच्चे मकान में रहने वाले परिवार को प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से पक्की छत का मकान मिला है, जिससे बरसात के दिनों में होने वाली परेशानियों से छुटकारा मिल गया है। आयुष्मान योजना से महंगे उपचार को भी आम आदमी के लिए सुलभ करा दिया है।

## आसमान में छाए कोहरे की वजह से लोगों को करना पड़ा परेशानी का सामना



### नए साल की शुरूआत के साथ ठंड ने भी दी दस्तक

कोतमा।

मौसम में अचानक आये बदलाव के बीच 7 जनवरी की सुबह आसमान में छाए घने कोहरे की वजह से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कोहरा इतना घना था कि कुछ फिट की दूरी तक नहीं दिखाई दे रहा था। वाहन चालकों को सुबह होने के बावजूद अपने वाहनों की हेडलाइट जलाना पड़ा। नए साल की शुरूआत के साथ ही कोहरा व धुंध के साथ ठंड ने भी दस्तक दे दी है। सुबह आवश्यक कार्य से निकले लोग कुछ दूर ही चलने के बाद अलाव खोजते नजर आए।

#### छाया रहा कोहरा

नया साल लगते ही 7 जनवरी को नगर कोहरे की चादर से पूरी तरह से ढक गया। कोहरे के कारण एक बार फिर से कड़ाके की ठंड ने दस्तक दे दी है मौसम परिवर्तन के साथ ही कोहरा व धुंध का भी आगाज हो गया। कोहरे व धुंध का आलम यह था कि रविवार सुबह 5 बजे के बाद घना कोहरा छा गया जिसके कारण थोड़ी दूर भी नहीं दिखाई दे रहा था। कोहरे व धुंध के चलते यातायात भी प्रभावित हुआ। ऐसे में वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कोहरे ने वाहनों की रफ्तार थाम दी। आमतौर पर तेज गति से चलने वाले चालक चाहकर भी अपने वाहन को गति नहीं दे पा रहे थे। रविवार को सुबह लोग उठे तो चारों ओर घना कोहरा छाया मिला। आवश्यक कार्य से बाहर निकले लोग अलाव खोजते नजर आए।

कोयलांचल क्षेत्र के गांवों में कोहरे के साथ शुरू हुई ठंड से ग्रामीण बचाव का प्रबंध करने में जुटे रहे। हालांकि 11 बजे के बाद धूप निकलने पर सूर्य की तपिश बढ़ी तो लोगों को राहत मिली। धूप निकलने के बाद कड़ाके की ठंड से लोगों को राहत नहीं मिली लोगों का कहना है कि रात्री में कोहरा व धुंध ज्यादा पड़ेगा। रोजाना मौसम का मिजाज बदलता जा रहा है। सुबह-शाम ठंड पड़ रही है। दिन में धूप निकलने से लोग राहत महसूस कर रहे हैं। लेकिन रविवार को सुबह 11 बजे के बाद धीरे-धीरे धूप निकलना शुरू हुई जो एक बार फिर से मौसम खुलने के साथ ही गलन भरी ठंड को बढ़ा दिया है।

#### अलाव खोजते नजर आए लोग

रविवार को सुबह 7 बजे के बाद नगर पूरी तरह से कोहरे की चादर में डूब गया था वही लोग ठंड से बचने के लिए आग का सहारा ढूंढते नजर आए। कुछ लोग तो कचरा बीन कर आग जलाकर ठंड से बचते नजर आए वर्तमान में नगर में यह स्थिति है की नगर पालिका के द्वारा अलाव के लिए जो लकड़ीया दी जा रही है वह काफी कम है और जो लकड़ी दी जा रही है वह गीली हैं जिसके कारण भी लोगों को अलाव जलाने में परेशानी हो रही है जो अलाव चलता भी है एक से 2 घंटे ही जलता है वह भी नगर में चिन्हित जगह पर ही अलाव जलवाया जा रहा है। जबकि रेलवे स्टेशन अस्पताल बस स्टैंड टैक्सी स्टैंड में अलाव की लकड़ियां कम देने के कारण कुछ समय तक ही अलाव जल पा रहा है।



## फर्जी टीपी से हो रहा था नीलगिरी का परिवहन, जांच आवश्यक

### प्रेमलाल वनवासी वनपाल बैरियर प्रभारी रामनगर वनपरिक्षेत्र बिजुरी निलंबित

कोतमा।

वन परिक्षेत्र कोतमा मे 28 दिसम्बर को रात्रिकालीन गस्ती के दौरान वनपरिक्षेत्र कोतमा के स्टाफ द्वारा एक वाहन नीलगिरी लोड पाए जाने पर रोका गया चालक से पूछताछ करने पर टी पी होना बताया गया टी पी की जाँच करने पर टी पी मूल प्रति की छायाप्रति से काटा जाना पाया गया जो सही टी पी न होकर फर्जी टी पी होना पाया गया। तब वाहन को वनपरिक्षेत्र कोतमा कैम्पस में खडा कराकर इस बावत वरिष्ठ अधिकारियों को जानकारी दी गई। प्रथम दृष्टया फर्जी टी पी प्रेमलाल वनवासी वनपाल बैरियर प्रभारी रामनगर वनपरिक्षेत्र बिजुरी की होना पाए जाने पर उन्हें वनमंडलाधिकारी अनूपपुर द्वारा 29 दिसंबर को निलंबित कर दिया गया। श्री वनवासी द्वारा टी पी काटने के पूर्व परिक्षेत्र कार्यालय बिजुरी में पदस्थ कम्प्यूटर आपरेटर से ट्रक चालक के सामने फोन पर बात करने के बाद जारी किया गया था तथा वाहन चालक की भी बात कराई गई थी आपरेटर वनपरिक्षेत्राधिकारी के आदेशों निर्देशों को कर्मचारियों तक पहुचाते है। वनमंडलाधिकारी अनूपपुर द्वारा सही टी पी जारी करने हेतु परिक्षेत्राधिकारी बिजुरी को निर्देशित किया गया। तब दिनांक 04.01.2024 को पुनः सही टी पी शिवपाल सिंह मार्को उपवनक्षेत्रपाल से जारी कराया गया है। फर्जी टी पी जाँच आवश्यक है तब सही पता चलेगा कि इसमे कौन कौन शामिल है।

## उच्च जोखिम पीड़िता का एंबुलेंस में हुआ नॉर्मल प्रसव



**भालूमाडा।** भालूमाडा थाना अंतर्गत ग्राम कुशला बहरा निवासी नीरज कोल की पत्नी प्रसव से पीड़ति रिंकू कोल उम्र 21 वर्ष ग्रह ग्राम के नजदीक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पसान में प्रसव कराने ले जाने पर पता चला कि ब्रिज प्रेजेंटेशन है बच्चा की जान जोखिम में है, बच्चे का पैर दिखाई दे रहा है। अस्पताल के उपस्थित स्टाफ के द्वारा जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया जिसकी जानकारी कोतमा 108 एंबुलेंस को मिलते ही मौके में पहुंचकर प्रसव पीड़ति को लेकर गंतव्य स्थान की ओर जाने पर कुछ ही दूर ग्राम फुनगा के समीप प्रसव पीड़ा बढ़ जाने कारण एम्बुलेंस में उपस्थित परिजन चिल्लाने लगे कि बच्चा उल्टा पैदा ले रहा है शिशु की पैर बाहर निकल कर गर्दन फंस गया है। इस भयावह स्थिति को देख 108 एंबुलेंस में उपस्थित प्रशिक्षित इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन दीन दयाल जायसवाल द्वारा परिजन की अनुमति लेकर प्रसव से पीड़ति व बच्चे को अपने अनुभव के आधार पर सुरक्षित नॉर्मल प्रसव कराया। स्वस्थ बच्चे का जन्म देखकर परिजन काफी हर्ष व उत्साहित होकर धन्यवाद ज्ञापित किये कि आप सही समय में मददगार साबित हुए साथ ही पायलट विकास चतुर्वेदी के सहयोग से गंतव्य स्थान जिला अस्पताल अनूपपुर पहुंच कर जच्चा बच्चा को सुरक्षित भर्ती कराया गया। इस प्रकार पुनः 108 एम्बुलेंस संजीवनी साबित हुआ। ज्ञात हो कि यह योजना निश्चित ही गरीब असहाय के लिए वरदान साबित हो रही है क्योंकि सही समय में उपलब्ध वाहन सुविधा व समुचित इलाज मिल पाना मरीज के लिए काफी कारगर साबित होता है एक समय प्रसव पीड़ाति परिजन के आंखों में आंसू व क्षणिक बाद एंबुलेंस स्टाफ के द्वारा अपने कार्य विधि से परिजन की चेहरे में मुस्कान लाया।

## क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन में पहुंच मंत्री दिलीप जायसवाल ने खिलाड़ियों को किया प्रोत्साहित

कोतमा।



मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कुटीर एवं ग्रामोद्योग दिलीप जायसवाल अनूपपुर जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत देवगंवा में आयोजित क्रिकेट टूनामेंट के समापन समारोह में शामिल हुए उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा खेल के मैदान में जाकर बैटिंग कर खेल की शुरूआत की फाइनल मैच ग्राम देवगंवा एवं कोतमा के बीच खेला गया। मध्य प्रदेश शासन के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कुटीर एवं ग्रामोद्योग श्री जायसवाल ने खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र व जिले का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दी उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र में किए जा रहे खेल प्रोत्साहन के प्रयासों की सराहना की उन्होंने कहा कि खेल उत्तम स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। इस अवसर पर ग्राम पंचायत देवगांव की सरपंच श्रीमती किरण सिंह, हनुमान गर्ग, अखिलेश द्विवेदी, रामनरेश गर्ग, राजकुमार शुक्ला, मुनेश्वर पांडे, मुरली गौतम, जितेंद्र भट्ट, श्रीमती मालती गुप्ता व बड़ी संख्या में ग्रामीण जन खिलाड़ी आदि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### इलेक्ट्रिक दुकानों में पकड़ा गया वायर का जखीरा

**रीवा ।** रीवा के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र मैं बीती श्याम सिटी कोतवाली पुलिस ने कई इलेक्ट्रिक दुकानों पर छापा मार कार्यवाही करते हुए हैवेल्स कंपनी के नकली तार बरामद किया हैं यह कार्रवाई कंपनी के डिप्टी मैनेजर की शिकायत पर सिटी कोतवाली पुलिस के द्वारा की गई है थोक व्यापार के रूप में संचालित गोरहा तालाब में स्थित इलेक्ट्रिक दुकान में हैवेल्स कंपनी के नकली तार बेचे जा रहे थे जिसकी शिकायत मिलने पर बीती शाम सिटी कोतवाली पुलिस ने कार्यवाही की जहां से भारी मात्रा में नकली तार बरामद किया गया है बताया जा रहा है कि रीवा के डिप्टी मैनेजर संतोष कुमार सिंह के द्वारा कंपनी के नाम पर हैवेल्स कंपनी के नकली तार बेचने की शिकायत सिटी कोतवाली थाने में की गई मामले की गंभीरता को देखते हुए सिटी को पानी थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे जहां से साइन इलेक्ट्रिक एवं शनि इलेक्ट्रिक दुकानों में छापा मार कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में तार बरामद किया गया है लाल जपती के साथ पुलिस ने न्यू सनी इलेक्ट्रिक के संचालक गुड्डू कृष्णानी,और अमन नामक व्यक्ति को हिरासत में लिया जिसे जानकारी एकत्रित करने के बाद आगे जुड़े आरोपियों की तलाश शुरू की गई है हैवेल्स कंपनी के डिप्टी मैनेजर संतोष कुमार सिंह की शिकायत के बाद हुई कार्यवाही के बाद व्यापारियों में हड़कंप की स्थिति निर्मित है माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में अन्य कई दुकानों पर कार्यवाही की गाज गिर सकती है।

### ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार दम्पति घायल

**मऊगंज।** जिले के नईगढ़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले देवीपुर भरिगवां पहुंच प्रधानमंत्री मार्ग पर नरैनी गांव के पास रविवार की शाम एक ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए विपरीत दिशा से आ रही बाइक को ठोकर मार दिया। जिससे बाइक चालक दम्पति गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल पति पत्नी को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नईगढ़ी में भर्ती कराया गया है।सड़क दुर्घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार 7 जनवरी की दोपहर बाद नईगढ़ी थाना क्षेत्र के नरैनी गांव के पास प्रधानमंत्री मार्ग पर विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए सामने से आ रही बाइक को ठोकर मार दिया। जिससे बाइक सवार दंपति प्रकाश साहू पिता शिव शंकर साहू उम्र 25 वर्ष निवासी करह उर्फ खैरागढ़ थाना शाहपुर जिला मऊगंज एवं उसकी पत्नी गीता साहू पति प्रकाश साहू उम्र 19 वर्ष घायल हो गए। घायल पति पत्नी को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नईगढ़ी में भर्ती कराया गया। जहां समाचार लिखे जाने तक चिकित्सकों की देखरेख में दोनों घायलों का उपचार चल रहा था।

### मकर संक्रांति मेला लगाने की उठाई मांग

**रीवा ।** विगत 20 वर्षो से प्रतिवर्ष मकर संक्रांति मेला लगाने की समस्या जिला प्रशासन के सामने आती है। प्राचीन मेला स्थल झिरिया में मैरज गार्डेन बन जाने के कारण गत वर्षों में कई मेला स्थल बदलते रहे है। वर्तमान में करहिया घाट बन जाने से वहॉ मेला लगाने पर्याप्त स्थान उपलब्ध होने एवं रीवा नगर के विस्तार होने के कारण इस वर्ष वहॉ मकर संक्रांति मेला लगाये जाने की मॉग हिन्दू उत्सव समिति धर्मपरिवार के संरक्षक नारायण डिगवानी ने जिला प्रशासन से की है। आगामी 14-15 जनवरी को लगने वाले मेरे के लिये जिला प्रशासन से जल्द निर्णय करने स्थान सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। श्री डिगवानी ने बताया कि मकरसंक्रांति मेला के लिये स्थान चयन प्रक्रिया भविष्य को ध्यान में रख कर करने की आज जरूरत है, वैसे सिविल लाइन्स पार्क का भी मेले के लिये उपयोग किया जा सकता है। उपरहटी किला में मेला प्रांगण में सबसे ज्यादा पार्किग की समस्या होती है एवं संकीर्ण मार्ग होने के कारण जाम लगता है। करहिया घाट का उपयोग दीर्धकालीन चलेगा।

# रॉयल राजपूत संगठन ने नशा मुक्त को लेकर निकाली चेतना रैली

## मेधावी छात्रों एवं खिलाड़ियों का किया सम्मान









रविवार के दिन रॉयल राजपूत संगठन द्वारा नशा मुक्ति को लेकर विशाल जन चेतना रैली निकाली गई। नव नियुक्त पदाधिकारी रैली के आकर्षक बने रहे। रैली शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए मानस भवन पहुंची, जहां संरक्षको द्वारा अपने-अपने विचार व्यक्त किये गये।

रीवा

साथ ही नशा एंव दहेज का विरोध किये जाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में रॉयल राजपूत संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव सिंह संजू, राष्ट्रीय महामंत्री बृजेश सिंह पिंकू, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एड. राजीव सिंह शेरा सहित रॉयल राजपूत संगठन के संरक्षक शत्रघुन सिंह, प्रखर प्रताप सिंह, देवेंद्र सिंह देउर, विजय सिंह बघेल डढिय़ा उपस्थित रहे। मंच का संचालन प्रदेश प्रवक्ता राजनारायण सिंह ने किया, साथ ही समाजसेवी विकास सिंह मझियार ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संरक्षक शत्रुघन सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पद पाना गरिमा की बात है लेकिन पदों के दायित्वों का निर्वहन करना उससे भी बड़ी बात है। संरक्षक शत्रुघन सिंह ने नव नियुक्त समस्त पदाधिकारियों को अभिनंदन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस दौरान युवा नेता प्रखर प्रताप सिंह ने कहा कि हार से हाताश होना बुजदिली है हार से सीख लेने की जरुरत होती है।

### संगठन को मजबूत बनाने 22 पदों पर हुई नियुक्ति

रॉयल राजपूत संगठन कई राज्यों में फैल चुका है, जहां क्षत्रिय समाज को एकत्रित कर समाजहित में कार्य किये जा रहे है। रीवा में संगठन को मजबूत करने नव नियुक्त पदाधिकारी बनाये गये है। राष्ट्रीय अध्यक्ष संजीव सिंह सहित संरक्षक मंडल ने जिलाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह परिहार बबलू, जिला उपाध्यक्ष रिंकू ङ्कूषसह गहरवार, जिलाध्यक्ष ग्रामीण शिव सिंह तोमर, जिला उपाध्यक्ष ग्रामीण पुष्पेंद्र सिंह बंटू, जिला प्रभारी संजीव सिंह बघेल, जिला सह संयोजक दद्दू सिंह बघेल, जिला सह जनसंपर्क अनिल सिंह गहरवार, जिला सदस्यता प्रभारी विनय सिंह बघेल, बेला मंडल अध्यक्ष राजा सिंह बघेल,जिला महासचिव अमित सिंह, बेला मंडल महासचिव मोहित सिंह, बेला मंडल आईटी सेल शिवपाल सिंह, बेला मंडल उपाध्यक्ष मनीष सिंह, बेला मंडल प्रभारी दिवाकर सिंह, बेला मंडल मंत्री सत्यम सिंह, नगर कोषाध्यक्ष शिवेंद्र सिंह झिरिया, नगर सह सचिव अनंतपाल सिंह भरतपुर, जिला सह प्रभारी आर्मी बिग्रेड मोहन सिंह, जिला मंत्री आर्मी बिग्रेड बृजेंद्र सिंह, जिला सह सचिव आर्मी बिग्रेड नरेश सिंह एवं नगर जन संपर्क प्रभारी ज्ञानेंद्र सिंह सेंगर को चयन किया गया है।

### क्षत्रिय समाज को गौरावान्वित करने वाले युवक, युवतियां हुई सम्मानित

रॉयल राजपूत संगठन द्वारा क्षत्रिय समाज को गौरान्वित करने वाले युवक एंव युवतियों को रीवा महाराज स्व. मार्तण्ड सिंह जू देव की स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वालों में आर्मी के आरवीसी कोर में नियुक्त देश की प्रथम महिला कैप्टन डॉ. जागृति सिंह की अनुपस्थिति में उनके पिता सेनि. कैप्टन जगत बहादुर सिंह माता अनीता सिंह, इसी प्रकार ग्राम पलिया 352 निवासी पीएससी में नव नियुक्त उद्योग प्रबंधक शैलजा सिंह की अनुपस्थिति में उनके पिता समयराज सिंह को सम्मानित किया गया। इनके साथ ही कांग्रेस नेता प्रदीप सिंह बब्बू निवासी टिकरी डभौरा की पुत्री मधुलिका सिंह को रीवा एंव शहडोल संभाग के अंदर इंजीनियरिंग बीटेक में प्रथम स्थान पाने पर, बिहार पीएससी से राजनीति शास्त्र में प्रोफेसर में नियुक्त दीपा सिंह पिता सूर्य प्रताप सिंह तथा खेल जगत में राज्य स्तरीय गोल्ड मैडल विजेता रितिमा सिंह पिता बृजेश सिंह और गोल्ड मैडल के साथ ही सिल्वर मैडल एवं ब्रांज मैडल विजेता वरुण प्रताप सिंह सेंगर (ओम) पिता वीरेंद्र सिंह सेंगर (बबली) पत्रकार को सम्मानित किया गया।

### थाना प्रभारी अमहिया को किया गया सम्मानित

रॉयल राजपूत संगठन द्वारा अमहिया थाना प्रभारी अरविंद सिंह राठौर को सम्मानित किया गया। बताते चले कि थाना प्रभारी अरविंद सिंह राठौर की धर्म पत्नी रोशनी सिंह पुलिस विभाग में उप निरीक्षक के पद होते हुए पीएससी की तैयारी करती रही। वर्ष 2019 के पीएसपी में उनका चयन सहायक उद्योक प्रबंधक के पद पर हुआ। कार्यक्रम के दौरान श्रीमती रोशनी सिंह रीवा में न होकर भोपाल में रही, उनकी अनुपस्थिति में उनके पति थाना प्रभारी अरविंद सिंह राठौर को सम्मानित किया गया।

# अतरैला मुख्य बाजार में शराबियों के हुड़दंग से परेशान आम जनमानस



यात्री प्रतीक्षालय बना शराबखोरी का अड्डा

रीवा !

जिले के अतरैला थाना अंतर्गत स्थित बाजार में शराबियों के आतंक से आम जन मानस काफी परेशान और भयभीत हैं। शाम होते ही नशे में धुत शराबी राह चलते लोगों के साथ न सिर्फ बदतमीजी करते हैं बल्कि उन्हें भद्दी-भद्दी गालियां भी देते हैं। यही नहीं नशे में धुत शराबी किसी शरीफ के दरवाजे पर पहुंचकर उनके साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। शराबियों के आतंक से लोगों का राह चलना विशेषकर महिलाओं का घर से बाहर निकालना कठिन हो गया है। समाजसेवी व रिटायर कर्मचारी ने बताया कि अतरैला पुलिस से शिकायत करने का कोई लाभ नहीं। थाने पर शिकायत करने पर थाना पुलिस 100 नंबर पर शिकायत करने को कहती है और 100 नंबर पर शिकायत करने पर पुलिस तो आती जरूर है लेकिन शराबियों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं करती, बल्कि उन्हें ले जाकर थोड़ी दूरी पर छोड़ देती है। फिर वहां से लौटने पर वे शिकायतकर्ता के दरवाजे पर पहुंच कर आशोभनिय शब्दों का प्रयोग करते हैं बकने शराबियों के उपद्रव से पूरे अतरैला बाजार का माहौल अत्यंत खराब हो चला है। वही पुलिस खुलेआम शराब पीने वाले और शराबियों पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित दिखाई दे रही है।

# 15 आल इंडिया (पर्यटन यान) बसों पर की गई कार्रवाई

रीवा




**रीवा।** परिवहन विभाग द्वारा रीवा से चलने वाले पर्यटन यानो के विरुद्ध जाँच अभियान चलाया गया। जिसमें रीवा बाइपास हनुमना चाकघाट पर विशेष रूप से इनको रोककर इनके दस्तावेजो की जाँच की गई। इन पर्यटन यानो में मुख्यतः यह देखा गया की बसों में दो चालक है कि नहीं,यात्रियों का क्षमता से अधिक परिवहन तो नहीं किया जा रहा है।बसों में आपातक़ालीन द्वार अग्निशमन यंत्र फ़स्टेड बॉक्स की भी जाँच की गई। परिवहन विभाग के द्वारा इन बसों को सुबह 5 बजे भोर से रोककर चेक किया गया और इनके चालको को विशेष रूप से मौजूदा स्टाफ़ ने यह समझाइस दी की आप लोगो के द्वारा बसो का रात्रि में परिवहन किया जाता है और मार्ग पर इस समय कोहरा बहुत है अतः आप सब लोग दुर्घटनाओं से बचे।जाच के दौरान 15 पर्यटन यानो पर परमिट शर्तो का उल्लंघन करते पाए जाने के कारण चालानी कार्यवाही की गई।इसके पहले भी कलेक्टर महोदय रीवा के आदेशानुशार परिवहन विभाग द्वारा नये और पुराने बस स्टैंड पर जा कर आल इंडिया बसों के साथ फ़र्जी ट्रैवल्शो पर नगर निगम और पुलिस प्रशासन के साथ मिलकर कार्यवाही की गई थी और उनके बोर्ड काउंटर कुर्सी बैनर आदि जप्त कर नगर निगम रीवा के सुपुर्द किया गया था। आज की कार्यवाही माननीय कलेक्टर महोदय रीवा और मऊगंज के आदेशानुशार आर टी ओ रीवा के निर्देशन में परिवहन सुरक्षा स्क्वाड प्रभारी और हनुमना चेकपोस्ट प्रभारी के द्वारा की गई इन बसों पर चालानी कार्यवाही से 73600 रुपये का राजस्व वशूल किया गया।

# लक्ष्मी वेयर हाउस गोविंदगढ़ में नागरिक आपूर्ति विभाग के पर्यविक्षक ने जांच के दौरान पकड़ी व्यापारी की धान

### जांच में सिद्ध होने के बावजूद बिना कार्रवाई किए वापस लौटा जांच दल

रीवा !




जिले के गोविंदगढ़ संचालित धान उपार्जन केंद्र लक्ष्मी वेयर हाउस बांसा में केंद्र गोविंदगढ़ क्र. 1 का आकस्मिक निरीक्षण नागरिक आपूर्ति निगम पर्यवेक्षक जांच दल द्वारा किया गया जांच के दौरान अत्यधिक मात्रा मे अंकुरित धान उपार्जन पकड़ी जो प्रभारी व सहायक समिति प्रबंधक अनिल चतुर्वेदी द्वारा क्रय की गई थी पूछताछ के दौरान किसान की भेष में आए व्यापारी से किसान कोड पूछा गया किंतु व्यापारी किसान कोड बताने में असमर्थ रहा जिससे जांच दल ने समस्त धान को निरस्त कर दिया राजनीतिक व समित प्रबंधक के दबाव पर जांच दल वहां से वापस लौट गया और खानापूर्ति के लिए नोडल अधिकारी को जांच सौंप दी गई(

### पूर्व में हो चुकी कार्रवाई

ये पहला मामला नहीं है पूर्व में भी गोविंदगढ़ सामित प्रबंधक अनिल चतुर्वेदी के खिलाफ ऐसी कार्रवाई व 420 जैसे गंभीर मामला गंभीर मामला गोविंदगढ़ थाने में दर्ज है केंद्र प्रभारी अनिल चतुर्वेदी द्वारा पूर्व में भी वर्ष 2018 में नॉन एफ.ए. क्यू. का गेहू खरीदी करने के कारण भोपाल से आई हुई टीम द्वारा जांच कर कलेक्टर रीवा को एफ.आई.आर.करने का प्रतिवेदन दिया गया था जिसमे कलेक्टर रीवा द्वारा पुनः जांच कराकर एफ.आई.आर .कराई गई थी । व अनिल चतुर्वेदी के लिए आदेशित किया गया था कि भविष्य में कभी भी अनिल चतुर्वेदी को उपार्जन प्रभारी न बनाया जाए व संस्था चतुर्वेदी के विरुध्द कार्यवाही करें हर वर्ष अपर कलेक्टर द्वारा अनिल चतुर्वेदी से खरीदी प्रभारी बनाकर खरीदी न कराए जाने के लिए एक पत्र भी जारी किया जाता है जिससे साफ सिद्ध होता है सहकारिता विभाग द्वारा सभी नियमों व आदेशों को दर किनारे रखकर व्यापारियों को व्यक्तिगत लाभ पहुंचाने के लिए अनिल चतुर्वेदी को खरीदी प्रभारी बनाकर धान की खरीदी कराई जाती।

# कलेक्टर की पहल पर घायल बैल का हुआ उपचार

मऊगंज



जिले के कलेक्टर अजय श्रीवास्तव का गौवंशीय पशुओं को लेकर काफी संवेदनशील दिख रहे हैं। जनपद पंचायत मऊगंज की ग्राम पंचायत अमोखर में अज्ञात लोगों ने खेत में घुसने के कारण गौवंशीय पशु बैल के दो पैर तोड़ दिए थे।जिसकी सूचना ग्रामीणों ने कलेक्टर अजय श्रीवास्तव को दी। सूचना मिलते ही कलेक्टर अजय श्रीवास्तव ने संबंधित विभाग के अधिकारियों समेत पशु चिकित्सा अधिकारी को बैल के उपचार हेतु निर्देशित किया ।जिसके बाद डाक्टरों की टीम ने अमोखर गांव पहुंचकर घायल बैल का उपचार किया। उपचार के बाद घायल बैल के स्वास्थ्य में सुधार बताया जा रहा है । ग्रामीणों ने कलेक्टर अजय श्रीवास्तव को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# मऊगंज एसपी वीरेंद्र जैन इंडक्शन ट्रेनिंग में जाएंगे

### रीवा एसपी को मऊगंज का प्रभार

मऊगंज



जिले के पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन 8-1- 2024 से 16- 2 -2024 तक एनपीए हैदराबाद मे आयोजित होने वाले 45वे IPS इंडक्शन ट्रेनिंग के लिए नामांकित किया गया है। उनके प्रशिक्षण अवधि मे कार्य देखने हेतु विवेक सिंह पुलिस अधीक्षक रीवा को प्रस्तावित किया गया है।

# तराई अंचल से निकल रही अज्ञात लाशें

### आखिर कातिल कौन?

रीवा !

पसोपेश में जिले की पुलिस बीते दो दिनों से तराई अंचल में खौफ का साया फैला हुआ है। लगातार लाशें निकल रही जिनकी कोई शिनाख्त नहीं हो पा रही है। पुलिस इस पसोपेश में है कि आखिर वारदात को अंजाम कौन दे रहा है और ये लाशें कहां से आ रही और किनकी है? पुलिस इन सवालों का जबाव तलाशने गली-गली भटक रही है लेकिन कोई सुराग पुलिस के हाथ नहीं लग रहा है। पुलिस का सायबर तंत्र भी शातिर कातिल के आगे फेल होता नजर आ रहा है। एसपी से लेकर तराई अंचल में बैठे एसडीओपी सहित थाना कातिल की तलाश में हवा में तीर चला रहे है, लेकिन पुलिस की तरकश से निकला कोई भी तीर ठिकाने में नहीं लगा। पुलिस लाशों की शिनाख्ती को लेकर उलझी है और कातिल लाशें फेकने में मशगूल है। शुक्रवार की रात जनेह थाना के गढ़ी चौकी अंतर्गत घटेहा जंगल में एक लगभग 27 साल की महिला की लाश मिली। शव को देखकर ऐसा लगता था कि वह अपने किसी परिचित के ही साथ यहां तक पहुंची और उसी परिचित ने गला घोंट कर हत्या कर दी। पुलिस आशंका जता रही थी कि महिला की हत्या प्रेम प्रसंग के चलते उसके प्रेमी ने की और महिला की शिनाख्ती की डोर से पुलिस कातिल तक पहुंचने का रास्ता तलासती रही। लेकिन कातिल इस कदर चालाक निकला कि महिला को ऐसे स्थान पर लाकर मौत के घाट उतारा कि दूर-दूर तक उसे कोई पहचान न सका। पंप लेट एंव अन्य तरीके से पुलिस महिला की शिनाख्ती पर लगी रही कि रविवार की सुबह सोहागी थाना क्षेत्र के ग्राम अंजोरा से निकलने वाली टमस नदी में एक तीन साल की फूल सी बच्ची का शव पानी में तैरते हुए दिखाई दिया।

**BEFORE THE HONOURABLE COURT OF THE MOTOR ACCIDENT CLAIMS TRIBUNAL CUM-ADDITIONAL DISTRICT JUDGE, AT VIZIANAGARAM**

M.V.O.P. 351/2022 :: I.A./2023

Between:

Estam Eswara Rao Petitioner

And

Uday Bhan Singh Raghuvansi and others Respondents

To

**R-1:** Uday Bhan Singh Raghuvansi, S/o Kishore Singh Raghuvanshi, Aged 52 years, Hindu, Driver of Lorry bearing No.CG 17 DK 2948, Resident of Gram Gadariya, Tikuri, Umeria, Madhya Pradesh State 484661


**NOTICE**

Please take notice that the above O.P., stands posted to 12-01-2024 for notice to the respondents R-1 You should appear in person or through an advocate at 10-30 AM on the above said date in the above court.

If you not appear on the said date the above matter will be decided exparte.

**(P.A.N. Raju)**
**Advocate for the Petitioner**

## खबर संक्षेप



### बैठक में शामिल हुए राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल

**बिजुरी।** मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल शनिवार को नगर पालिका परिषद बिजुरी द्वारा आयोजित बैठक में शामिल हुए बैठक में नगर पालिका बिजुरी के निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में नगर पालिका परिषद बिजुरी की अध्यक्ष श्रीमती सहबीन पनिका, एसडीएम कोतमा अजीत तिर्की, सीएमओ, पार्षद गण तथा नगर पालिका के कर्मचारी उपस्थित थे। मध्य प्रदेश शासन के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिलीप जायसवाल ने निर्माण कार्यो के भौतिक सत्यापन तथा निर्माण कार्यों की जानकारी नगर पालिका परिषद के संज्ञान में लाकर गुणवत्ता पूर्वक कार्य पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

### आज प्रधानमंत्री वर्चुअल करेंगे संबोधित



**अनुपपुर।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के प्रतिभागियों को आज 8 जनवरी को अपरान्ह 12 बजे आईईसी वैन के वर्चुअल मोड के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संबोधित करेंगे। इस संबंध में आवश्यक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तन्मय वशिष्ठ शर्मा ने दिए हैं।

### मां नर्मदा जन्मोत्सव कार्यक्रम तैयारी बैठक आज




**अनुपपुर।** मां नर्मदा जन्मोत्सव कार्यक्रम की तैयारी संबंधी बैठक अमरकंटक स्थित उच्च विश्राम गृह (सर्किट हाऊस) सभागार में आज सोमवार 8 जनवरी को शाम 4 बजे से कलेक्टर आशीष वशिष्ठ की उपस्थिति में आयोजित की गई है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए नगर परिषद अमरकंटक के मुख्य नगरपालिका अधिकारी चैन सिंह परस्ते ने सर्व संबंधितों से बैठक में उपस्थिति की अपील की है।

### विधायक फुंदेलाल सिंह बने प्रदेश चुनाव समिति सदस्य



**अनुपपुर।** लाडली बहना, प्रधानमंत्री आवास, हर घर नल जल योजना जैसी तमाम उपलब्धियां को शहडोल संभाग में पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को ने अपनी विकास यात्रा के सामने बौना बना दिया। एवं पूरे संभाग में एकमात्र कांग्रेस विधायक के रूप में अपनी जीत दर्ज करा कर प्रदेश में अपना नाम रोशन किया। हाल ही में लोकसभा चुनाव को देखते हुए ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के लिए चुनाव समिति घोषित की है। जिसमें शहडोल संभाग से पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को को भी शामिल किया गया है। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के जनरल सेक्रेटरी के.सी. वेणुगोपाल ने समिति की घोषणा कर दी है। अनूपपुर जिले में जन-जन के नेता के नाम से जाने जाने वाले पुष्पराजगढ़ विधायक फुंदेलाल सिंह मार्को के सदस्य चुने जाने पर जिले भर के कांग्रेस कार्यकतार्ओं ने बधाई तो दी है साथ ही शहडोल संभाग के कांग्रेस नेताओं ने भी बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। जिनके नेतृत्व में लोकसभा के लिए कांग्रेस के सही उम्मीदवार का चयन किया जाएगा और शहडोल संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस उम्मीदवार विजयश्री का खिताब प्राप्त करेंगे।

### नुक्कड़-नाटक कर किया जागरूक

**उमरिया।** दागना कुप्रथा से मुक्त कराने विशेष पहल कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य के निर्देशन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी के मार्गदर्शन पर जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम के द्वारा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में दागना कुप्रथा दुष्परिणाम नुक्कड़ नाटक जागरूकता अभियान का आयोजन ग्राम पंचायत निपानिया व देवगमाखुर्द में किया गया। युवाओं ने दागना कुप्रथा पर नुक्कड़ नाटक करते हुए जागरूकता नारो के गांव-गांव में जागरूकता फैलाना है, दागना कुप्रथा को हटाना है।

# अमरकंटक नगर परिषद नेशनल अवॉर्ड के लिए चयनित








**6 नगरीय निकाय ओडीएफ प्लस प्लस व तीन जीएफसी स्टार रेटिंग के लिए चयनित**

**कलेक्टर के प्रयास व स्वच्छता कामगारो की मेहनत से जिला हुआ गौरवान्वित**

इंट्रो:- स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के अंतर्गत जिले के 6 नगरीय निकाय ओडीएफ प्लस प्लस घोषित किए गए है जिममे नगरीय निकाय अनूपपुर, जैतहरी, अमरकंटक, पसान, कोतमा, बिजुरी शामिल है। जिले के 6 नगरीय निकाय ही स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में शामिल हुए थे तथा स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के जीएफसी स्टार रेटिंग में जिले की अमरकंटक, अनूपपुर तथा पसान नगर पालिका परिषद ने वन स्टार रैंकिंग प्राप्त की है।

**अनुपपुर/अमरकंटक।**

विशेष बात यह रही की नगर परिषद अमरकंटक को स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए प्रदेश के सिर्फ 6 नगरीय निकायों को नामांकित किया गया है अमरकंटक नगर परिषद के अलावा प्रदेश के इंदौर, भोपाल, महू-कैंट, नौरोजाबाद व बुधनी नगरीय निकाय को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के तहत अनूपपुर जिले को मिली इस उपलब्धि के लिए कलेक्टर आशीष वशिष्ठ द्वारा नगरीय निकाय के अधिकारियों- कर्मचारीयो को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ उन्हें स्वच्छता सर्वेक्षण के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान करने का महत्वपूर्ण कार्य करने के साथ ही समय-समय पर नगरीय क्षेत्र का स्वयं निरीक्षण व कार्यों की प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक, वर्चुअल मीटिंग आदि सघन प्रयासों तथा मार्गदर्शन में एवं नगरीय निकायों के सफाई कामगारों की मेहनत से जिले को यह महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त हुई है।

मां नर्मदा जी की उद्गम स्थली पवित्र नगरी अमरकंटक को स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के तहत अमरकंटक को राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु चयनित किया गया है। स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु यह पुरस्कार 11 जनवरी को दिल्ली के भारत मंडपम में नगर परिषद अमरकंटक को प्रदान किया जाएगा। इस पुरस्कार हेतु मध्य प्रदेश के 6 शहरो को नामांकित किया गया है जिसमे अमरकंटक निकाय के अलावा इंदौर, भोपाल, महू कैंट, नौरोजाबाद एवं बुधनी शामिल है। स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के संपूर्ण परिणामों की घोषणा 11 जनवरी को समारोह के पश्चात की जावेगी। नगर परिषद अमरकंटक से प्राप्त जानकारी के अनुसार ओडीएफ एवं गार्वेज फ्री सिटी प्रतिस्पर्धा के परिणाम घोषित कर दिए गए है। नगर परिषद अमरकंटक ओडीएफ को प्रमाणीकरण प्राप्त हुआ है, साथ ही जीएफसी 1 स्टार रेटिंग भी निकाय द्वारा अर्जित की गई है। अमरकंटक नगर परिषद के सीएमओ चैन सिंह परस्ते ने कहा की अमरकंटक को स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु चयनित किया गया है तो यह पूरे नगर के लिए सम्मान और गर्व की बात है, साथ ही यह सब कलेक्टर अनूपपुर के सतत मार्गदर्शन और प्रयास का ही परिणाम है। अमरकंटक नगर परिषद के उपयंत्री देवल सिंह बघेल ने इस पर कहा की अमरकंटक को स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में राष्ट्रीय पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है यह कलेक्टर के मार्गदर्शन और सतत प्रयासों का नतीजा ही आज इस रूप में हमे प्राप्त हो रहा है। अमरकंटक के सभी जागरूक नगरवासियों के सहयोग से ही संभव हो सका है। भविष्य में इसी प्रकार का प्रदर्शन करने हेतु यह पुरस्कार सदैव हमे प्रेरित करता रहेगा।

नगर परिषद के स्वच्छता प्रभारी मदन सिंह ने इस पर कहा की यह हमारे लिए गर्व की बात है साथ ही अमरकंटक नगरवासियों के लिए भी गर्व करने की बात है। हमारे सभी सफाई कर्मचारी जो इस मुहिम में रोजाना कार्य करने में लगे रहते है वो सब अपनी जवाबदेही सुनिश्चित कर अमरकंटक को स्वच्छता सफाई कार्य में बखूबी सेवाए प्रदान करते है, जिसका परिणाम आज हम अनुभव कर रहे है। नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती पार्वती सिंह उइके का कथन है की होने वाली इस उपलब्धि पर सभी अधिकारी, कर्मचारी और नगरवासी सभी बधाई के पात्र है। नगर परिषद के सफाई कर्मचारी शारदा प्रसाद मोंगरे व मनीष मानिकपुरी ने भी इस पुरस्कार प्राप्त होने की खुशी के लिए अमरकंटक वासियों को, अपने अधिकारियों तथा अपनी सफाई कर्मचारियों के पूरी टीम को धन्यवाद कहा। यह पूरे नगर, जिला, संभाग और प्रदेश के लिए सम्मान तथा गर्व की बात है। यह सब निकाय के अधिकारियों सीएमओ चैन सिंह परस्ते, उपयंत्री देवल सिंह बघेल, अध्यक्ष श्रीमती पार्वती उईके, स्वच्छता प्रभारी मदन सिंह, लेखा शाखा प्रभारी चैन सिंह मंडलोई, सहायक राजस्व प्रभारी मनीष कुमार विश्वकर्मा आदि सभी नगर परिषद के कर्मचारीगण, सफाई कर्मचारीगण, पार्षदगण इस राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु अमरकंटक को चयन किया गया है। सभी काफी खुश और आनंद का अनुभव कर रहे है।




# माहेश्वरी महिला मंडल का नव वर्ष स्नेह मिलन समारोह संपन्न

**अनुपपुर।**

माहेश्वरी महिला मंडल के बैनर तले नव वर्ष स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसे बड़े ही हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम माहेश्वरी महिला मंडल अमलाई द्वारा बुढ़ार में होटल फ्लेवर्स में आयोजित किया गया था। जिसमें अनूपपुर, जैतहरी, अमलाई, धनपुरी एवं बुढार माहेश्वरी समाज के सभी लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें पुरुष, महिलाएं, बच्चे सभी शामिल थे। कार्यक्रम के शुभारंभ में माहेश्वरी समाज के वरिष्ठ लोगों ने भगवान महेश की पूजा, अर्चना, दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। स्नेह मिलन कार्यक्रम में सभी के लिए तंबोला के कार्यक्रम के साथ ही बच्चों एवं बड़ों के लिए अलग-अलग प्रतियोगिताएं रखी गई। जिसमें सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सफल प्रतियोगियों को पुरस्कृत भी किया गया।समाज के सभी लोगों ने जय श्री महेश कहकर एक दूसरे को नववर्ष की बधाई दी। इसके साथ ही परिवार के साथ एक दूसरे का परिचय कराया गया। कार्यक्रम के मध्य में पुरुषों की एक बैठक का आयोजन भी किया गया। जिसमें सामाजिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए विचार-विमर्श हुआ। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि समाज की प्रतिमाह बैठक आयोजित की जाए। इसके साथ ही मंथली, त्रैमासिक या वार्षिक सदस्यता शुल्क के लिए भी विचार विमर्श हुआ। साथ ही होली मिलन समारोह के पूर्व एक और बैठक आयोजित कर कार्यक्रम को अंतिम रूप देने की बात बैठक में की गई। बैठक में अनूपपुर, जैतहरी, अमलाई, धनपुरी एवं बुढार से नए पदाधिकारी का मनोनयन भी किया गया एवं ग्रुप एडमिन बनाए गए। कार्यक्रम के मध्य में नए जुड़े लोगों का परिचय कराते हुए उनका सम्मान किया गया। कार्यक्रम के अंत में स्नेह भोज का आयोजन किया गया। उसके बाद कार्यक्रम की समापन की घोषणा की गई।

माहेश्वरी महिला मंडल की अध्यक्ष शशि इनानी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि माहेश्वरी महिला मंडल का स्नेह मिलन समारोह में समाज के सभी सदस्यों की उपस्थित सराहनीय थी और आगे भी हम समाज के कार्यक्रम में चाहते हैं कि इसी तरह उपस्थित हमेशा बनी रहे और हमारा परिवार आगे बढ़ता रहे। उन्होंने कहा कि आप सभी के सहयोग से स्नेह मिलन समारोह का कार्यक्रम सफल हुआ। जिसकी में बहुत-बहुत आभारी हूं और आप लोगों के सहयोग के लिए सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूं। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से संगठन मजबूत होगा और उन्नति के पथ पर अग्रसर होगा।

# योजनाओं का लाभ हर पात्र तक पहुंचाना यात्रा का उद्देश्य- श्रीमती पार्वती वाल्मिक राठौर





**अनुपपुर।**

विकसित भारत संकल्प यात्रा शासन की योजनाओं से वंचित पात्र लोगों तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए चलाई जा रही है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में शासकीय योजनाओं तक हर वर्ग की पहुंच सुनिश्चित करने गांव-गांव में योजनाओं की जानकारी विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान दी जा रही है। यात्रा के पड़ाव में शिविर लगाकर आवेदन भी लिए जा रहे हैं व हितलाभ से लाभान्वित किया जा रहा है। उक्त विचार जिले के जनपद पंचायत जैतहरी अंतर्गत ग्राम पंचायत पपरौडी में 6 दिसंबर दिन शनिवार को आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अनूपपुर की उपाध्यक्ष श्रीमती पार्वती बाल्मिक राठौर ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विकास यात्रा के माध्यम से जो भी पात्र व्यक्ति वंचित रह गए हैं उन्हें सिविर लगाकर लाभान्वित किया जा रहा है कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहे।

डॉ आर पी सोनी ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में आपकी ग्राम पंचायत में कई विभागों के अधिकारी पहुंचे हुए हैं जो पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित हैं वे यहां अपना रजिस्ट्रेशन करा लाभ ले सकते हैं जैसे की आयुष्मान कार्ड बनवा ले आयुष्मान कार्ड से पात्र व्यक्ति गंभीर सी गंभीर बीमारी का इलाज प्राइवेट नर्सिंग होम में निशुल्क इलाज पांच लाख रुपए तक का 1 वर्ष में करा सकते है इसका भुगतान सरकार द्वारा संस्था को किया जाएगा।

बीएम मिश्रा सीईओ जनपद पंचायत जैतहरी ने कहा कि केंद्र सरकार और मध्य प्रदेश सरकार द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा जो जिले की ग्राम पंचायत तक पहुंच कर सिविर लगा रही है जिसका लाभ ग्रामवासी जरूर ले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का यह लक्ष्य है कि आयुष्मान कार्ड का लाभ 100 प्रतिशत व्यक्तियों तक पहुंचे इसके लिए विशेष शिविर आयोजन किए गए हैं साथ ही आधार कार्ड भी 100% लोगों के बन सके इसके लिए भी विशेष शिविर आज से शुरू किए गए हैं जो 26 जनवरी तक चलेंगे आप सभी ग्रामीण वासी जिनका आयुष्मान कार्ड एवं आधार कार्ड नहीं बना है वह जरूर बनवा लें।

इस अवसर पर भुवन सिंह सरपंच पपरोड़ी, रंजीत सराटी सदस्य जिला पंचायत, दिनेश राठौर अध्यक्ष भाजपा मंडल जैतहरी, अमर सिंह उपाध्यक्ष भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा, वंश गोपाल सिंह जिला किसान मोर्चा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष, डॉ आरपी सोनी जिला स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ शिवेंद्र द्विवेदी नोडल अधिकारी सिकलिन, डॉ धनीराम सिंह ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर अनूपपुर, डॉ एमएस श्याम ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर जैतहरी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष एवं हितग्राही, नागरिक आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मंच का संचालन हेमंत ने किया। भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करने, गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेंकने, देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करने, भारत की एकता को सुदृढ़ करने और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने, नागरिक होने का कर्तव्य निभाने के संबंध में विकसित भारत संकल्प की प्रतिज्ञा दिलाई।

# जिला वॉलीबॉल संघ का वार्षिक बैठक बिजुरी में सपन्न

## वर्ष भर की गतिविधियों एवं आय-व्यय का पेश किया ब्यौरा



**आगामी रणनीति की गई तैयार**

**अनुपपुर/बिजुरी।**

जिला वॉलीबॉल संघ की वार्षिक बैठक का आयोजन 7 जनवरी को संगम वेला होटल बिजुरी में जिला वालीबॉल संघ के उपाध्यक्ष शोभनाथ प्रचेता की अध्यक्षता में की गई है। बैठक में संघ के सचिव रामचन्द्र यादव द्वारा वर्ष भर के आय-व्यय का व्यौरा प्रस्तुत किया। जिसमें वार्षिक सदस्यता शुल्क 2023 में 13 सदस्यों से 13 हजार रूपए प्राप्त किये तथा शेष सदस्यों से जल्द ही वार्षिक सदस्यता शुल्क जमा करने का अनुरोध किया गया है। बैठक में सचिव रामचन्द्र यादव एवं सह सचिव दिनेश कुमार सिंह चंदेल द्वारा जिले में अब तक हुए कार्यक्रम की गतिविधियों की जानकारी उपलब्ध कराई गई। जिसमें जिला वॉलीबॉल संघ के अंतर्गत खेल प्रकोष्ठ का चयन किया गया। जिसमें उपाध्यक्ष रमेश तिवारी को इस प्रकोष्ठ का अध्यक्ष और संयोजक शोभनाथ प्रचेता को बनाया गया है, जिसका सभी लोगो ने समर्थन किया। इस दौरान उपाध्यक्ष रमेश तिवारी ने कहा कि चयनित खिलाड़ियों को किट, यात्रा भत्ता, भोजन व्यवस्था संघ के द्वारा किया जाए। इस प्रस्ताव के संबंध में शोभनाथ प्रचेता ने कहा कि राशि की उपलब्धता पर संघ को आवश्यक प्रयास किया जाना आवश्यक है तथा ब्लॉक प्रभारी समस्त टीमों का सम्बद्धता शुल्क प्राप्त कर संघटन में जमा कराये। पूर्व में हुए बैठक के प्रस्ताव पर ब्लॉक स्तर को कमेटी की मजबूती का निर्णय लिया गया। बैठक में जिला वॉलीबॉल संघ को फर्म एवं सोसाइटी रीवा से संघटन का पंजीयन कराने का निर्णय पारित किया गया। इस कमेटी में रमेश तिवारी, शोभनाथ प्रचेता, रामचन्द्र यादव, दिनेश सिंह होगें। इस संबंध में माह फरवरी को अनूपपुर में आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

उपाध्यक्ष रामखेलावन राठौर ने कहा कि खेल के विकास के लिए विद्यालय एवं महाविद्यालय स्तर में ही तैयारी करने हेतु आदिम जाति कल्याण विभाग के प्रमुख सहायक आयुक्त और महाविद्यालय के अग्रणी प्राचार्य के साथ समन्वय स्थापित कर समिति को नये खिलाड़ियों का चयन एवं प्रतिभागियों को आगे बढ़ाने की बात कही गई। जिला वॉलीबॉल संघ के प्रयास से जिला खेल परिसर अनूपपुर में फ्रंट लाइट की व्यवस्था की गई है। वरिष्ठ वॉलीबॉल खिलाड़ियों का सम्मान समारोह एवं अंत में उपाध्यक्ष रामखेलावन राठौर द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान बैठक में जिला वॉलीबॉल संघ के संरक्षक लक्ष्मण राव, आशीष त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष चैतन्य मिश्रा, कार्यकारी अध्यक्ष सिद्धार्थ शिव सिंह, रामखेलावन राठौर, उपाध्यक्ष शोभनाथ प्रचेता, रमेश तिवारी, अमित शुक्ला, विनोद पांडेय, सचिव रामचन्द्र यादव, कोषाध्यक्ष प्रदीप यादव, सह सचिव दिनेश कुमार सिंह चंदेल, हरिशंकर यादव एवं मीडिया प्रभारी संदीप गर्ग शामिल रहे।



# डीएफओ ने औढेरा मे बैगाऔ के साथ की बैठक

**अनुपपुर।**

अनूपपुर वन मंडलाधिकारी एसके प्रजापति ने विगत दिनों किरर बीट अंतर्गत बैगा बाहुल्य औढेरा में बैगा एवं अन्य जनजाति समाज के ग्रामीणों की बैठक लेते हुए वन, धन विकास केंद्र के अंतर्गत वैगा वाहुल्य क्षेत्र में पीवहीटीजी योजना के अंतर्गत महिला, पुरुष को मुर्गी पालन, पौधारोपडण, कुटकी प्रसंस्करण, पत्तल, दोना की मशीन, हर्रा, वहेडा संग्रहण, अचार निर्माण, महुआ-डोरी आदि के संग्रहण पर विशेष रूप विस्तृत रूप से चर्चा की ग्रामीणों को स्वयं सहायता समूह बनाकर खाता खोलकर वन संसाधनों से आजीविका के लिए चर्चा की गई जिसे अति शीघ्र लागू किया जाएगा। इस बैठक के दौरान पर वन परिक्षेत्र अधिकारी अनूपपुर स्वर्ण गौरव सिंह, परीक्षेत्र सहा किरर एवं अनूपपुर एवं वनरक्षक के साथ ग्रामीण महिला एवं पुरुष बैठक में सम्मिलित रहे हैं।